बेटिंग

बेटिंग में सामने और पीछे, दोनों आंगनों (यार्डस) में उचित वनस्पति पर ऑर्गेनिक बेट लगाना शामिल होता है।

इसमें शामिल हैं:

- बेट को वनस्पति पर 40 मिलीलीटर खुराक के तौर पर लगाना और प्रति हैक्टेयर लगभग 150 स्पॉट्स लगाना (यह प्रति संपत्ति लगभग 12 बेट स्पॉट्स के बराबर है)
- ऑर्गेनिक बेट नियमित रूप से दोबारा तब तक लगाना जब तक कि हमें यह विश्वास हो जाए कि वयस्क फ्रूट फ्लाईयाँ नियंत्रित कर दी गई हैं
- यदि आपकी संपत्ति फ्रूट फ्लाई का पता चलने के स्थान से 200 मीटर के भीतर है, तो बेट सप्ताह में दो बार लगाई जाएगी; प्रकोप क्षेत्र के अन्य सभी भागों में बेट सप्ताह में एक बार लगाई जाएगी।

बेटिंग काम में सामान्यत: छ: से आठ सप्ताह का समय लगता है, और यह कितनी फ्रूट फ्लाईयों का पता लगाया गया है, उसपर निर्भर करता है। इस समय के बाद, बेट लगाने का काम बंद कर दिया जाता है और स्टेराइल हुई फ्लाईयों को क्षेत्र में छोड़ा जा सकता है।

बेट उस परिस्थिति में सबसे प्रभावी होती है जब इसे प्रकोप क्षेत्र में संपत्तियों के बैंकयार्ड में लगाया जाता है, क्योंकि होस्ट फ्रूट पेड़ अक्सर यहीं स्थित होते हैं। यदि ऐसा करना संभव नहीं है, तो बेट आपकी संपत्ति में अन्य उचित वनस्पति पर लगाई जाएगी।

हो सकता है कि फ्रूट फ्लाई को मिटाने के कार्यक्रम के भाग के तौर पर हमारी बेट स्पॉटिंग टीम आपकी संपत्ति का दौरा करे।

स्वच्छता (फलों को इकट्ठा करना)

स्वच्छता में प्रकोप वाले संपूर्ण क्षेत्र में संपत्तियों के बैंकयार्ड्स से गिरे हुए फलों को इकट्ठा करना शामिल है। उन स्थल पर जहाँ फ्रूट फ्लाई मैंगोट्स का पता चला था, पेड़ों से सभी फल इकट्ठे किए जाएँगे। प्रकोप की घोषणा किए जाने के बाद, कर्मचारी जितनी जल्दी संभव हो सके, क्वारंटाइन क्षेत्र में संपत्तियों का आकलन करेंगे। यदि आपके बैंकयार्ड में फल वाले पेड़ हैं, तो हमारी स्वच्छता टीम फ्लाईयों को मिटाने वाले कार्यक्रम के दौरान सप्ताह में एक बार आपकी संपत्ति का दौरा करेगी।

फ्रूट फ्लाई मुक्त होने की महत्ता

साउथ ऑस्ट्रेलिया एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई मुख्य भूमाग वाला राज्या है जो फ्रूट फ्लाई मुक्त है। इस स्थिति से हमारे राज्य को महत्वपूर्ण लाभ मिलते हैं, जिनमें शामिल हैं:

- फलों, सब्जियों, वाइन ग्रेप्स और बादामों के वाणिज्यिक उत्पाद को सुरक्षित रखना, विशेषकर Riverland और Murraylands में; फ्रूट फ्लाई से असुरक्षित उत्पाद की सीधे खेत से खरीदने का अनुमानित मूल्य लगभग $1.3 बिलियन है
- जापान, यू.एस.ए. और न्यू ज़ीलैंड सहित लाभप्रद निर्यात बाज़ारों तक पहुँच सुरक्षित रखना, जिनका मूल्य 2018-19 में लगभग $72 मिलियन था
- निवासियों के लिए कम कीटनाशकों के साथ घरों में फल और सब्जियाँ उगाने की क्षमता।

फ्रूट फ्लाई से मुक्त होने का अर्थ है कि आप इस आश्वासन के साथ अपने फल और सब्जियाँ उगा सकते हैं कि ये मेगोट (कीट) मुक्त हैं।

स्टेराइल (विसंक्रमित) करके फ्रूट फ्लाई को छोड़ना

बेटिंग और स्वच्छता संबंधी काम पूरे होने के बाद कभी-कभी स्टेराइल करके फ्रूट फ्लाई को छोड़ने की क्रिया को प्रयोग में लाया जाता है।

इसके प्रभावी होने के लिए, बेटिंग के काम से प्रकोप क्षेत्र में उपस्थित जंगली फ्लाई की संख्या कम हुई होनी चाहिए।

स्टेराइल की गई फ्लाईयों को आम-तौर पर प्रकोप वाले क्षेत्र में धीरे-धीरे चलने वाली गाड़ी के पीछे से एक यंत्र में से छोड़ा जाता है।

इन्हें मिटाने वाले कार्यक्रम के इस भाग में 12 सप्ताह तक का समय लग सकता है और इसके लिए बैंकयार्ड तक पहुँच प्राप्त करने की कोई ज़रुरत नहीं होती है।

वर्तमान समय में फ्रूट फ्लाईयों को मिटाने के लिए बेट स्पोटिंग और स्टेराइल इनसेक्ट टैक्नोलोजी का संयोजन विश्व में सर्वश्रेष्ठ कार्यविधि है।

ट्रेपिंग (जाल में फंसाना)

आपके यार्ड में या इसके आसपास निगरानी वाले ट्रेप्स लगाए जा सकते हैं।

इन ट्रेपस में ऑर्गेनिक प्रलोभन होता है – जो मानवों और कीट के लिए सुरक्षित होता है – जो फ्रूट फ्लाई को आर्कषित करके उन्हें मारता है।

ट्रेप को वृक्ष पर लगाने के लिए हमारे कर्मचारियों को आपके यार्ड में आना होगा और वे कभी-कभी एक नया प्रलोभन लगाने के लिए भी आपके यार्ड में प्रवेश करेंगे।

हमें संपर्क करें

अधिक जानकारी के लिए फ्रूट फ्लाई हॉटलाइन से **1300 666 010** पर संपर्क करें या **pir.sa.gov.au/fruitfly** वेबसाइट देखें।

इस पुस्तिका में दी गई जानकारी निवेदन करने पर एक वैंकल्पिक फॉर्मेट में या अन्य भाषाओं में उन लोगों के लिए उपलब्ध हैं जिन्हें इसकी आवश्यकता है। अधिक विवरण के लिए PIRSA से संपर्क करें।

Hindi / हिन्दी

PIRSA

फ्रूट फ्लाई का प्रकोप

आपके क्षेत्र में क्वारंटाइन उपाय लागू किए गए हैं, इनमें घर में उगाए फलों और सब्जियों को कहीं ले जाने पर लगे प्रतिबंध शामिल हैं।

SOUTH AUSTRALIA

Government of South Australia

Primary Industries and Regions SA

प्रिय गृहस्थ

आपकी संपत्ति फ्रूट फ्लाई के प्रकोप वाले क्षेत्र में आती है।

फ्रूट फ्लाई प्रकोप की घोषणा किए जाने पर, Primary Industries and Regions SA (PIRSA) इसे मिटाने का एक कार्यक्रम करते हैं।

यह जानकारी आपको फ्रूट फ्लाई और इसे मिटाने से सम्बन्धित कार्यक्रम के बारे में सूचित करने के लिए है।

फ्रूट फ्लाई क्या होती है?

फ्रूट फ्लाई पौधों के सबसे विनाशकारी कीट में से एक कीट है और यह वाणिज्यिक फसलों और घर के बगीचों में फलों और सब्जियों को नष्ट कर सकती है। महिला फ्रूट फ्लाई फलों और सब्जियों में अंडे दे सकती है, इन फलों व सब्जियों में शामिल हैं:

- **स्टोन फ्रूट्स** (खुबानी, आड़ू, शफ़तालू, आलुबुख़ारा और चेरियाँ)
- **साइट्रस** (संतरे, नींबू, ग्रेपफ्रूट और कमक्वेटस)
- **फलदार सब्जियाँ** (टमाटर, शिमला-मिर्च, मिर्चे, बैंगन और टमारिलो)
- **पोम फ्रूट्स** (सेब, नाशपति और श्रीफल)
- **फल देने वाले पौधे** (लोक्वेट, फिग्स और फिजोलास)
- **ट्रापिकल फ्रूट्स** (केले और आम)।

फ्रूट फ्लाई के प्रकोप की घोषणा कैसे की जाती है?

फ्रूट फ्लाई के प्रकोप की घोषणा तब की जाती है जब फ्रूट फ्लाई या लार्वे के होने का पता चलता है।

इसका पता मैंगोट द्वारा ख़राब किए फलों या हमारे निगरानी जालों में फ्लाई की उपस्थिति होने से चलता है।

क्योंकि प्रकोप की घोषणा की गई है, इसलिए पता लगने वाले स्थान के आसपास 1.5 किलोमीटर का क्वारंटाइन क्षेत्र स्थापित किया गया है।

आपको क्या करने की ज़रूरत है

Plant Health Act 2009 PIRSA के कर्मचारियों को यह अत्यावश्यक काम करने के लिए संपत्तियों तक पहुँच प्राप्त करने की अनुमति देता है, इसलिए कृपया सुनिश्चित करें कि कर्मचारी आपके यार्ड तक पहुँच प्राप्त कर सकें। यदि आपके घर में कुत्ते हैं, तो जब हमारे कर्मचारी वहाँ उपस्थित हों तो अपने कुत्तों को बांध कर रखें।

घर में उगाए ताजे फल प्रकोप वाले क्षेत्र में एक स्थान से किसी दूसरे स्थान न ले जाएँ

आपके लिए यह ज़रूरी है कि आप अपनी संपत्ति से घर में उगाए फल, फलों वाली सब्जियाँ या बगीचे का कूड़ा न हटाएँ। आपको उस परिस्थिति में नौकरी या स्कूल पर अपने लंच बॉक्स में ताजे फल नहीं ले जाने चाहिए यदि आप इनका सेवन क्वारंटाइन क्षेत्र से बाहर करने वाले हैं।

जो फल और सब्जियाँ आपको नहीं चाहिए आप सामान्य तरीके के अनुसार उन्हें अपने ग्रीन बिन में डाल सकते हैं। हमने फ्रूट फ्लाई प्रकोप के दौरान ग्रीन कचरे का निपटान करने के लिए आपकी काउंसिल के साथ मिलकर एक प्रणाली तैयार की है।

- ✓ PIRSA के स्टॉफ को अपने सामने और पीछे के बगीचे तक **आसान पहुँच उपलब्ध कराएँ** ताकि वे शीघ्रता से अपना काम पूरा कर सकें।
- ✓ दुकान से ख़रीदे फलों और सब्जियों सहित घर के अन्य फलों और सब्जियों में यदि कोई मैंगोट (कीट) पाए जाते हैं तो इनकी **सूचना दें**। इन्हें प्लास्टिक बैग में डालें, सील करें और इन्हें क्लेकट किए जाने के लिए **फ्रूट फ्लाई हॉटलाइन (1300 666 010)** से संपर्क करें।
- ✓ नीचे गिरे या ज़रूरत से ज्यादा पक चुके फलों और फलदार सब्जियों को **इकट्ठा करें** और इन्हें अपने ग्रीन बिन में डाल दें। इनका प्रयोग खाद के तौर पर न करें।
- ✓ घर में उगाए फल और फलदार सब्जियाँ यदि आपके लिए ज़रूरत से ज्यादा हो जाएँ तो इन्हें **पकाएँ** या परिरक्षित करके रखें। इन वस्तुओं को क्वारंटाइन क्षेत्र से ले जाए जाने की अनुमति होती है।
- ✗ घर में उगाए गए फलों और फलदार सब्जियों को ज़मीन पर **न छोड़ें**।
- ✗ क्वारंटाइन अवधि के दौरान दुकान से ख़रीदे किन्हीं फलों या फलदार सब्जियों सहित किन्हीं अन्य फलों या फलदार सब्जियों का प्रयोग खाद के तौर पर **न करें**।

क्वारंटाइन कितनी अवधि तक लागू रहेगा?

क्वारंटाइन अवधि अलग-अलग हो सकती है क्योंकि इसका निर्धारण राष्ट्रीय फ्रूट फ्लाई प्रबंधन के प्रोटोकॉल्स के अधीन किसी विशिष्ट समयावधि के दौरान पता लगाई गई फ्लाईयों की संख्या के आधार पर किया जाता है।

हम मानते हैं कि क्वारंटाइन संबंधी प्रतिबंधों और फ्लाईयों को मिटाने के कार्यक्रम से कुछ असुविधा होगी, परन्तु आपके सहयोग से हमें साउथ ऑस्ट्रेलिया को फ्रूट फ्लाई मुक्त रखने में बहुत सहायता मिलेगी।

फ्लाईयों को मिटाने के कार्यक्रम की समाप्ति के बाद आपको एक पुस्तिका द्वारा इसकी सूचना दी जाएगी। केवल इसके पश्चात ही घर में उगाए जाने वाले फल और सब्जियाँ आपकी संपत्ति से एक स्थान से किसी दूसरे स्थान ले जाई जा सकती हैं।

इसे मिटाने (नाश करने) का कार्यक्रम कितनी देर तक चलेगा?

PIRSA के कर्मचारी बेटिंग और स्वच्छता के कार्य करने के लिए संपत्तियों पर आते हैं।

हमारे कर्मचारी संतरी रंग के चोग़े पहनते हैं और उनके पास PIRSA का पहचान कार्ड होता है।

आपके क्षेत्र में पहले से ही बेटिंग और स्वच्छता के काम शुरु हो गए होंगे।

बेटिंग कार्य के समाप्त होने के बाद, हम स्टेराइल फ्रूट फ्लाईयों को प्रकोप क्षेत्र में छोड़ सकते हैं। इससे कुछ बाकी बची जंगली फ्लाईयों के प्रजनन की रोकथाम होगी।